मेरे श्याम से मिला दो मुझे

मेरे श्याम से मिला दो मुझे,
आया दर पे सुदामा ये बता दो उसे,
मेरे श्याम से मिला दो मुझे,

गरीबी लाचारी से तंग मैं आया हु,
और नहीं कुछ पास मेरे बस आंसू लाया हु,
मेरे सँवारे की एक झलक बस दिखा दो मुझे,
मेरे श्याम से मिला दो मुझे,

मेरे बचपन का साथी मेरा यार कन्हैया है,
संग में खाते थे माखन वो मुरली भजाईया है,
उसकी मुरली की इक धुन सुना दो मुझे,
मेरे श्याम से मिला दो मुझे,

कभी हरी भरी थी ढाली आज पते सूखे है,
और क्या तुम्हे बतलाऊ घर बचे भूखे है,
जाके मज़बूरी मेरी सूना दो उसे,
मेरे श्याम से मिला दो मुझे,

संदीप दीवाने ने जा कर कान्हा को बतलाया,
छोड़ दिया भोजन कान्हा ने नंगे पैर आया,
वो आकर गले से लगाया उसे,
मेरे श्याम से मिला दो मुझे,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/7647/title/mere-shyam-se-mila-do-mujhe-aaya-dar-pe-sudhama-ye-bata-do-use

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |